लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल– 462023

क्रमांक / UCR / C/ 157 / 2022/95 भोपाल दिनांक 19 / 1 / 2023

"प्राथमिक शिक्षक हेतु दस्तावेज सत्यापन के सम्बन्ध में सूचना "

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 के आधार पर जनजातीय कार्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भर्ती की कार्यवाही की जा रही है। दस्तावेज अपलोड हेतु प्रावधिक चयन एवं प्रतीक्षा सूची तथा बेकलॉग पदों हेतु सूची एम.पी.ऑनलाईन के पोर्टल पर अपलोड की गई थी। इस सूची में दर्शित जिन अभ्यर्थियों द्वारा दस्तावेज अपलोड किए गए हैं उन अभ्यर्थियों को दिनांक 12 जनवरी 2023 से 19 जनवरी 2023 तक निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर अपने दस्तावेज सत्यापन कराने हेतु सूचित किया गया था।

2. **इस अवधि में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 19 एवं 20 जनवरी 2023 को दस्तावेज के सत्यापन हेतु निर्धारित स्थल पर कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन कराएं।** सत्यापन के समय अभ्यर्थी को अपने मूल दस्तावेज एवं उनकी स्वप्रमाणित प्रतियॉ संलग्न प्रपत्र सहित 3 सेट साथ लाने होगें। ये सेट सत्यापन के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा मूल दस्तावेज से मिलान कर कार्यालय में जमा करा लिए जाएंगें तथा इसका ऑनलाईन प्रमाणीकरण किया जाएगा। निर्धारित समयावधि में सत्यापन हेतु उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थियों को चयन हेतु अयोग्य माना जाएगा।

3. सूची में नाम होने मात्र से अभ्यर्थी नियुक्ति का दावा नहीं कर सकेगा। नियुक्ति मेरिट कम में पात्रतानुसार एवं नियमानुसार की जाएगी। प्राथमिक शिक्षक नियोजन के संदर्भ में की जा रही नियुक्ति की कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय में प्रचलित विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों के अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगी।

4. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे चयन के संबंध में विभाग के अधिकारियों को फोन, व्हाट्सएप, एसएमएस इत्यादि न करें। ऐसा करना चयन प्रकिया को अनुचित तरीके से प्रभावित करने की श्रेणी में माना जाएगा तथा इस आधार पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त भी की जा सकेगी। प्रकिया के संबंध में शिकायत / कठिनाई हो तो वे संबंधित संयुक्त संचालक को अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। संयुक्त संचालक द्वारा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा।

5. यदि किसी अभ्यर्थी को चयन प्रकिया के संबंध में कोई जानकारी चाहिए तो वे trc. mponline. gov.in पर दी गई जानकारी का अध्ययन करें। अभ्यर्थी ऑनलाईन प्रक्रिया के संबंध में जिज्ञासा / समस्या के समाधान के लिये MPOnline के Call Centre 0755–6720200 पर प्रातः 8:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

5. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे एम.पी. ऑनलाईन का पोर्टल trc.mponline.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें।

(अभय वर्मा)
आयुक्त
लोक शिक्षण, म.प्र